समाचार

आयुक्त ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को दिलाई मतदाता शपथ

कोरबा 24 जनवरी 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों को सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई। निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में अधिकारी कर्मचारियों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, जी.एस.चंदेल, रामसिंह नेताम, अरविंद वानखेडे, उत्तम साहू, आनंद दुबे, दिवाकांत जायसवाल, शांतिलाल सोनी, कृष्णादास महंत, अरविंद सिंह, गोविंद पालीवाल, कपिल श्रीवास्तव, द्वासराम साहू, सरस देवांगन, हिमाशु राठौर, परमेश्वर शर्मा, शंकरलाल साहू, रामखिलावन साहू, मनोज श्रीवास, शिव कुमारी यादव, तारा भगत, फूलकुमारी तिवारी, तिलका बाई, कीर्ति, विनिता सिंह, तिरिथ बाई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।